दैनिक जागरण 30/11/2022

# जीएमएन कालेज में एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्य डा. वीके जैन। • सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में मंगलवार को डेंटल केयर एंड आर्थोडांटिक्स और हेयर एंड स्किन केयर पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डा. वीके जैन, डा. सीमा कंसल के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ व यूथ रेडक्रास द्वारा आयोजित किया गया। डा. नितिन मुंजाल ने दांतों की सुरक्षा एवं देखभाल के उपायों से अवगत करवाया तथा डा. यामिनी मुंजाल ने त्वचा और बालों से संबंधित विभिन्न रोगों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डा. तृप्ति, डा. एसके बाटला, डा. रितु गुप्ता, डा. कुलदीप तथा डा. नीना मौजूद रहे। (जासं)